दिन–सोमवार | दिनांक– 03/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार चरम पर। कल शाम एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में थम जाएगा प्रचार का शोर।

02 एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को लुभाने के लिए धुंआधार चुनाव प्रचार किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहरसा और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहरसा के सोनवर्षा में की चुनावी सभा।

04. और, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद आज पहली बार चुनाव प्रचार में शामिल हुए। दानापुर से जेल में बंद पार्टी प्रत्याशी रीतलाल यादव के समर्थन में किया रोड–शो।

---

विधानसभा चुनावों के पहले चरण के लिए प्रचार चरम पर पहुंच गया है। मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में जनसभाएं और रैलियां कर रहे हैं। पहले चरण का चुनाव प्रचार कल शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में छह नवम्बर को अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर मतदान होगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहरसा और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए का मतलब विकास है, जबकि कांग्रेस और राजद का मतलब विनाश है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कोसी इलाके को बाढ़ से बचाने के लिए ग्यारह हजार करोड़ रुपये की योजना बनाई है। कोसी और मेची नदी जोड़ परियोजना से इलाके में समृद्धि की नई कहानी लिखी जाएगी।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बिहार के विकास को नई रफ्तार देने के लिए लोगों से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की।

---

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शिवहर जिले के बेलसंड, सीतामढ़ी के रीगा और मधुबनी जिले के खुटौना– झंझारपुर विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि महागठबंधन एक बार फिर बिहार पर जंगलराज को थोपना चाहता है, लेकिन बिहार की जनता उनके मनसूबों को सफल नहीं होने देगी।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केवटी, मुजफ्फरपुर और गरखा विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री आदित्यनाथ ने कहा कि जब भी राजद और कांग्रेस की सरकार बिहार में आयी है राज्य में अपराधियों का बोलबाला रहा है।

–––बाइट–––

---

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर के गोराडीह और बांका के रजौन समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने बाद से उन्होंने राज्य के विकास के लिए लगातार काम किया है। श्री कुमार ने कहा कि वर्ष दो हजार पांच से पहले राजद के शासनकाल में बिहार में अराजकता का बोलबाला था।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सीवान जिले के जीरादेई, सारण कें मांझी और भोजपुर के तरारी विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री गडकरी ने कहा कि एनडीए युवाओं को रोजगार देने और बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

---बाइट---

भाजपा की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मुंगेर में पार्टी प्रत्याशी कुमार प्रणय के समर्थन में रोड–शो किया।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने आज मोकामा विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने साजिश के तहत अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में फंसाने का आरोप लगाया।

---बाइट---

---

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने गया जिले के फतेहपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले ग्यारह वर्षों में पच्चीस करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

---बाइट---

आज जब हम लोग बिहार चुनाव की बात कर रहे हैं। एक बड़ी आबादी आज भी उस दहलीज पर है, गरीबी रेखा से बाहर निकलने की और वो मेरे प्रधानमंत्री की सोच और मुख्यमंत्री नीतिश कुमार जी के अनुभव से आने वाले वर्षों में वो भी पूरा होता हुआ दिखेगा।

---

राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने आज दानापुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी रीतलाल यादव के समर्थन में रोड–शो किया। रीतलाल यादव अभी जेल में बंद हैं। लालू प्रसाद आज पहली बार चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए। इधर, पार्टी के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने बक्सर, ब्रहमपुर और भोजपुर के संदेश समेत कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि महागठबंधन की सरकार बनती है तो पलायन पर रोक लगाना सरकार की प्राथमिकता होगी।

---बाइट---

---

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी ने आज सहरसा के सोनवर्षा में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। श्रीमती गांधी ने कहा कि बिहार

सरकार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं चला रहे हैं, बल्कि यह सरकार दिल्ली से चल रही है।

–––बाइट–––

श्रीमती गांधी ने समस्तीपुर के रोसड़ा में महागठबंधन उम्मीदवार के समर्थन में रोड–शो भी किया।

---

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि महागठबंधन की सरकार बनने पर घोषणा पत्र के हर वायदे को पूरा किया जाएगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में पार्टी ने जो कुछ कहा था, उसे पूरा किया गया।

–––बाइट–––

---

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज सीवान के रघुनाथपुर में महागठबंधन उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल बिहार के भविष्य का नहीं, बल्कि देश के भविष्य का चुनाव है।

–––बाइट–––

---

विकासशील इंसान पार्टी प्रमुख मुकेश सहनी ने आज शेखपुरा में महागठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से महागठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की।

---

भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने पालीगंज में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए जंगलराज का भय दिखाकर एक बार फिर सत्ता पर काबिज होना चाहता है, लेकिन बिहार के लोगों ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है।

–––बाइट–––

---

एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए एनडीए और महागठबंधन की नीतियों की आलोचना की। श्री ओवैसी ने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों के कारण सीमांचल का अपेक्षित विकास नहीं हो सका है। उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों के सरकार में उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिलने पर भी सवाल उठाए।

———बाइट———

---

बहुजन समाज पार्टी, जनशक्ति जनता दल और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

---

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने तैंतालीस करोड़ इकतीस लाख रुपये मूल्य की शराब और चौबीस करोड़ तिरेसठ लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मतददाताओं को लुभाने के लिए एकत्र की गई छब्बीस करोड़ बारह लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। इसके अलावा नौ करोड़ पचासी लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार चरम पर। कल शाम एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में थम जाएगा प्रचार का शोर।

02 एनडीए और महागठबंधन के स्टार प्रचारकों और वरिष्ठ नेताओं ने मतदाताओं को लुभाने के लिए धुंआधार चुनाव प्रचार किया।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहरसा और कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सहरसा के सोनवर्षा में की चुनावी सभा।

04. और, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद आज पहली बार चुनाव प्रचार में शामिल हुए। दानापुर से जेल में बंद पार्टी प्रत्याशी रीतलाल यादव के समर्थन में किया रोड–शो।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।